ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 27 | अंक 3 विक्रम संवत् 2080-81 मार्च 2023 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

## हिन्दु नवसवंत्सर

विक्रम संवत् 2080



प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 27 | अंक 3 विक्रम संवत् 2080-81 मार्च 2023 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

प्रो. बनवारीलाल गौड़

डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर

प्रो. कैलाश चतुर्वेदी

डॉ. शीला डागा

प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक

श्री सोहन लाल गर्ग

श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक

डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक

डॉ. रामदेव साहू

डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा

तिबोर कोकेनी

श्रीमती अन्या वुकादिन

परामर्श संपादक

कपिल अग्रवाल

मारियो ब्रूमेट

- प्रमुख संरक्षक -

परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी

परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -

भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -

परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -

विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस

श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -

महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

## विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **DEVESHWAR DEEP IMPEX PVT. LTD.**, JAIPUR

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोग एवायुः | प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ | 11 |
| 4. | भारतीय इतिहास-लेखन की प्रमुख विचारधाराएँ | डॉ. कुलवन्त सिंह शेखावत | 15 |
| 5. | वैदिकी पर्यावरणप्रक्रिया | बालकृष्ण एम. दवे | 22 |
| 6. | राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक : भाईजी रामरतन कोचर | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 28 |
| 5. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

| | | |
|---|---|---|
| **खाता संख्या** | **:** | **5013053111** |
| **IFS Code** | **:** | **KKBK0003541** |

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2023 का तृतीय अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् बनवारीलाल गौड़ द्वारा लिखित शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोग एवायुः' शोधलेख में आयुर्वेद के मूलाधार आयु के विषय में शरीर एवं इन्द्रिय की बलवत्ता को अनिवार्य बतलाकर स्वास्थ्य चेतना का मार्ग प्रशस्त किया गया है। ड ॉ. कुलवन्त सिंह शेखावत द्वारा लिखित 'भारतीय इतिहास -लेखन के प्रमुख विचारधाराएँ' शीर्षक शोधलेख में इतिहास लेखन से संबंधित अनेक प्रविधियों की परम्परागत जानकारी प्रदान करते हुए इतिहास लेखन हेतु आवश्यक तत्त्वों को निर्दिष्ट किया गया है। बालकृष्ण एम. दवे द्वारा लिखित 'वैदिकी पर्यावरणप्रक्रिया' लेख में पर्यावरण शोधन एवं संरक्षण के विषय में वैदिक पारम्पिरक उपायों के साथ यज्ञ की उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा लिखित 'राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक : भाईजी रामरतन कोचर' लेख में सुप्रसिद्ध, समाजसेवी, देशसेवा, जन सेवा, धर्म सेवामय जीवन से ओतप्रोत व्यक्तित्व प्रखर राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक रामरतन जी के सामाजिक एवं राजनीतिक अवदान का प्रस्तुतीकरण किया गया है। अन्त में डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

**29. tataḥpratyak-cetana-adhigamo`py-antarāya-abhāvaś-ca**

*tataḥ – by this, through that.*
*pratyak-cetana-adhigama – knowledge of the inner self*
*api – also*
*antarāya – from obstacles*
*abhāva – absence, disappearance, removal*
*ca – and*

**Thus, the obstacles are overcome, and the realisation of the inner self is attained.**

The highest stage and realisation of this practice consists in kaivalya or nirbīja-samādhi.

*kaivalya* = means absolute unity, nondualism.
*nirbīja*= "without seed" – all seeds of karma are dissolved or "roasted", and therefore cannot "germinate" anymore.

In the previous *sūtras*, Patanjali explained how we can master the obstacles that

arise on our spiritual path in order to achieve realisation. Now he enumerates the various obstacles and begins with those nine types of difficulties that almost every sādhakaencounters on their yoga path.

These nine vikshepas(disturbances, distractions) are:

VyaixSTyans<zyàmadalSyaivritæaiNtdzRnalBx-UimkTvan viSwtTvainicÄiv]epaSte =Ntraya> .30.

**30. vyādhi-styāna-samśaya-pramāda-alasya-aviratbhrānti-darśana-alabdha-bhūmikatva-anavasthi-tatvānicitta-vikṣepās-te-antārāyaḥ**

**These are the nine disturbances (vikshepas) and hindrances (antārāya) in consciousness (citta):**

– ***vyādhi – disease***
– ***styāna – mental sluggishness, dullness***
– ***samshaya – doubt, indecision***
– ***pramāda – carelessness, inattention***
– ***alasya – laziness, weakness***
– ***avirati – worldly pleasure, sense pleasures, loss of vairagya***
– ***bhrānti-darshana – confused thoughts, uncertainty***
– ***alabdha-bhūmika – slackening in practice and aspiration***
– ***anavasthi-tatva – inconstancy, inability to concentrate***

The first thing we encounter is VYĀDHI – physical or mental illness, or more generally any annoying and distressing disturbance that interferes with and hinders our exercise. This may equally consist of an external noise, a family quarrel or a gnawing

worry.

Next, we are threatened by STYĀNA – mental sluggishness and dullness. When these qualities get the upper hand, we feel tired, dull, and unable to think clearly. This disturbance can often be remedied by a change in diet. Food affects the balance of energies and gunaswithin us. The gunasare the three elemental properties or qualities of nature:

*tamas-guna= inertia, ignorance;*
*rajas-guna= drive, creativity, restlessness;*
*sattva-guna= purity, clarity, harmony.*

To reiterate, according to the principle of ahimsā(non-harming), the "sattvic", that is, a lacto-vegetarian diet is best for mankind. Sattvic food consists of vegetables, salad, fruits, grains, pulses, milk and fresh dairy products, honey and nuts. The food should be eaten freshly prepared. Contrary to the spiritual path is the consumption of meat, fish, "seafood" and eggs, and this should be rejected. Likewise, alcohol, nicotine and other addictive substances as well as canned, "fast food" and reheated food do not belong to the sattvic diet. Do not allow your effort on the spiritual path to be destroyed by the craving of your tongue!

Some choose a vegan diet without any "animal products" such as milk, dairy products or honey for the special protection of animals and nature. However, this must be handled with exact knowledge of the nutritional values so that no deficiency symptoms arise.

An even stronger disturbance is SAMSHAYA: the feeling of inner weakness, which leads to the doubt whether we will ever reach the goal. This means that shraddhā, faith, has been lost. Doubt weakens willpower (whether we are aware of it or not) and

strengthens a negative mindset. Thus, it is through doubt that our chances begin to decline.

Just as a young seed has to be protected against wind and weather to keep it alive, so also, must we. For as long as we are not sufficiently established inwardly, we should avoid persons or books that spread destructive views and criticism about yoga, spirituality or the Master. They weaken the mind and prepare the ground for doubt.

PRAMĀDAhere refers to the loss of discipline and allowing irregularities in the exercises. When we begin to readily accept distractions, put off practice, and fail to adhere to the principles, we have fallen into the pramādatrap. We become careless and have quick excuses ready. But no movie or book, no hobby or sport, no study or profession can give us what we can attain through the sādhana! Remember that you have made a promise to yourselves. Combine this resolution with love, and you are sure to succeed.

ALASYA, weakness of will and laziness, inhibits even more. The aspirant is under the illusion that they can reach the goal even without discipline and practice. Through sattvic nourishment, willpower, right discrimination and decision (viveka) we can overcome states of physical and mental inertia.

AVIRATIis the pursuit of sense pleasures and worldly enjoyment – the opposite of vairāgya, renunciation. Here, in particular, it means clinging to bad qualities and habits. Be mindful that time does not wait for you. Missed time cannot be retrieved. A true seeker does not stray from their path and does not give up until they have found what they are looking for.

But this does not mean to neglect or reject your fellow human beings and social relationships! Live your life with your family, with your partner, with your friends – but

do not forget your true goal. Worldly duties are not an obstacle, but if they are fulfilled with care and love, can even be helpful and conducive to reach the goal.

BRĀNTHI DARSHANA – uncertainty and brooding about whether the exercises are effective enough, whether the mantra is the right one – is also an obstacle. Thoughts such as "Now I have been practicing for several years and still have not achieved anything..." represent a serious disturbance that significantly inhibits further development. We can overcome such adverse thoughts and inner confusions through mantra and prayer.

If you keep turning back to follow a different path because you are unsure whether you are on the right path, you will never reach your goal. Let neither external nor internal events influence you. Follow the path you have chosen with firm faith and trust. There will always be disturbances and problems, that is earthly nature.

ALABDHA-BHŪMIKA means slackening of zeal. Almost every seeker has to struggle with this difficulty. Many start the yoga exercises full of enthusiasm, but if they do not feel any quick success, the initial striving soon wanes, and they lose interest. Unfortunately, I experience this very often with my students. Their enthusiasm flares up like a "flash in the pan", but soon dies out if no new incentives come. Perseverance and stamina are important qualities of a spiritual aspirant and necessary to complete the path.

The last disturbance Patanjali mentions is ANAVASTHI-TATTVA – restlessness and inconstancy of mind. This obstacle is also known to every practitioner: while practicing prānāyāma, concentration, and meditation, the mind becomes restless, and thoughts continually wander. However, by continuing the practice unwaveringly, this disturbance is surely overcome – just as the steady drip eventually erodes the hard stone.

In the Yoga Sūtras, Patanjaligives us systematic guidance on how to progress successfully on the spiritual path. On this path there are many disturbances that we should know about in order not to meet them unprepared. Patanjali also refers to these disturbances as "diseases". He does not mean physical infections, but "unhealed" thoughts and feelings. Physical diseases are easier to treat and cure than invisible, mental disorders. To make matters worse, we often think of those thoughts and feelings as pleasant. Unfortunately, however, when indulged, they lead to a bad end.

The nine "diseases" that Patanjali lists in the 30thsūtraonly bring the disciple down when they lose confidence and abandon their practices. Do not lose heart if you do not think you can see any development. If you practice and strive continuously, you will certainly reach your goal. In this world everything has to be worked for – success in studies and profession, harmony and constancy in friendship and marriage. The path is not easy and if the effort slackens, soon a "cancer" nests, which quickly spreads and subsequently attacks and destroys even the healthy parts. Cancerous disease is not confined to the body; there are similar conditions in the spiritual field also. These "diseases" affect not only the individual, but also those persons with whom they have a relationship.

It is not easy for the seeker on the spiritual path to keep their "track" and maintain positive feelings and thoughts in every situation of life. It may take several lifetimes to gradually become aware of one's mistakes and to grasp what is really at stake and what one is supposed to achieve.

The following picture should clarify the situation in which a spiritual seeker finds themselves. They are like a non-swimmer who has fallen into deep water and is desperately calling for help. They will seize any opportunity that promises to save them. Even if someone holds out a piece of barbed wire to them, they will cling to it, heedless of the spikes that bore into their hands. They know that the only hope of saving their life lies

in holding on. In the same way, a true seeker who seeks self-knowledge and God-realisation will cling to their path, however painful and difficult it may be.

For the spiritual aspirant it is very important to live consciously. Just sitting down, closing your eyes and pretending to meditate, but letting your thoughts run free and perhaps not even being aware of it, is a sign of laziness, not spirituality. Watch carefully what and with whom you speak, examine what you are doing and whether you are doing what you should be doing. If this important self-analysis is neglected, the ground is prepared for that disease which Patanjali describes – the disease of the restless mind. The mind is then restless when the antahkarana are not purified. Impure here means that there are still unfulfilled desires, longings and emotions that have been suppressed until now, as well as negative impressions that have entered the subconscious from outside.

In life we are always confronted with disturbances and temptations. Often, we fall victim to them, but with perseverance we find our way back to the right path.

Patanjali prepares us for what obstacles we should expect. When we encounter them, we should be able to judge them correctly and counteract them. Patience and perseverance and confident repetition of the mantra eventually conquer all disturbances.

However, there are a number of other obstacles which Patanjali lists in the following sūtra.

# शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोग एवायुः

**(म.म. राष्ट्रपति-सम्मानितः) प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ः**
पूर्व कुलपतिः
डॉ. एस. आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुरम्

दार्शनिकदृष्ट्या चतुर्विंशतितत्त्वात्मकं हीदं शरीरमिति संस्वीकृतं चरकसंहितायाम्, तत्तु पृथक्शः विवेचनीयम्, अत्र त्वायुः कीदृग्विधमिति तु संक्षेपेण प्रस्तूयते। लोकेऽस्मिन्नियतायुःपर्यन्तं तिष्ठतीदं शरीरम्, एतद्ध्यायुः शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगात्मकं भवति, कथयति महर्षिश्चरकः यत्-

**शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगो धारि जीवितम्।**
**नित्यगश्चानुबन्धश्च पर्यायैरायुरुच्यते**॥ (च.सू.1/42)

शरीरं पञ्चमहाभूतविकारात्मकमात्मनो भोगायतनम्, इन्द्रियाणि चक्षुरादीनि, सत्त्वं मनः, आत्मा ज्ञानप्रतिसन्धाता, एषां सम्यगदृष्टयन्त्रितो योगः संयोगः। इन्द्रियाणि सत्त्वम् आत्मा च भौतिकं शरीरमाश्रित्य तिष्ठन्ति। ये त्वत्रायुषः पर्यायाः निगदितास्तैस्तु न केवलं पर्यायत्वमभिधीयतेऽपित्वायुषः वैशिष्ट्यमत्र प्रतिष्ठितमेष एव ह्याचार्यस्याभिप्रायोऽत्र निहितः, यथा हि व्याख्याकारश्चक्रपाणिः स्पष्टयति-

तस्यायुषः पर्यायानाह- धारीत्यादि। धारयति शरीरं पूतितां गन्तुं न ददातीति धारि। जीवयति प्राणान् धारयतीति जीवितम्। नित्यं शरीरस्य क्षणिकत्वेन गच्छतीति नित्यगः। अनुबध्नात्यायुरपरापरशरीरादिसंयोगरूपतयेत्यनुबन्धः। पर्यायैरायुरुच्यत इति एकार्थाभिधायिभिः शब्दैरुच्यते। (चरक.सूत्र.1/42 चक्रपाणिः)

अत्र विभिन्नैः पर्यायैः जीवितशरीरस्य वैशिष्ट्यं विशिष्टानि च लिङ्गान्यपि प्रोक्तानि, यैरिदं सुनिश्चितं क्रियते यच्छरीरे चैतन्यानुवर्तनं विद्यते न वा। जीवितस्य शरीरस्य विशिष्टानि लिङ्गानि तु विस्तरेण प्रोक्तानि चरकसंहितायाम्। अत्र तु केवलस्य चैतन्यस्य कीदृशी स्थितिः वर्तत एतदेव विवेचनीयं वर्तते।

कदाचिद्दीर्घकालीनायां मूर्च्छायां विशेषेण तु सन्न्यासावस्थायां संशयो जायते यच्छरीरे चेतनाधातोः संयोगोऽस्ति न वा, तदा तु प्रथमं हि हृदयादीनां प्राणायतनानां संस्थितिः परीक्षणीया वर्तते, पश्चाच्चेदं लक्षणं लक्षणीयं परीक्षणीयञ्च वर्तते यच्छरीरे पूतिता प्रादुर्भूता न वा, यतो हि यावच्छरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगो वर्तते तावच्छरीरे पूतितायाः प्रारम्भ एव न भवति, एतदेव हि प्राणधारणस्य प्रमाणमायुर्वेदे प्राथमिकरूपेण सङ्केतितम्। अतः धारि जीवितञ्चैते लक्षणे प्राणधारणस्य संसूचके स्तः । एताभ्यां लक्षणाभ्यामेवायुषः नित्यगत्वम् अनुबन्धत्वमपि च सिद्ध्यति । यद्यपि च नित्यगानुबन्धशब्दाभ्यां न क्वचिदप्यायुरभिधीयते, तथाऽपि नित्यगत्वानुबन्धत्वधर्मख्यापनार्थमेवैतत्सञ्ज्ञाद्वयं बोधव्यम्।

वर्तमानकाले कोमा (Coma is a period of prolonged unconsciousness brought on by illness or injury) नाम्ना ख्याता विशिष्टा स्थितिरस्ति यस्यां पीडितः सञ्ज्ञाविहीनः चेष्टाविहीनः काष्ठीभूतो मृतोपमश्च शेते। चरकसंहितायां कथितं यत्-

**वाग्देहमनसां चेष्टामाक्षिप्यातिबला मलाः ।**

**सन्न्यस्यन्त्यबलं जन्तुं प्राणायतनसंश्रिताः ॥**

**स ना सन्न्याससन्न्यस्तः काष्ठीभूतो मृतोपमः ।**

**प्राणैर्वियुज्यते शीघ्रम्......** (च.सू.24/43-44)

सन्न्यस्यन्तीत्यस्य "अचेष्टं कुर्वन्ति" इत्यर्थः करणीयः । अत्र प्राणायतनमिति हृदयम् । अन्यान्यपि प्राणायतनानि सन्ति, यथा हि-

**दशैवायतनान्याहुः प्राणा येषु प्रतिष्ठिताः [१]**

**शङ्खौ मर्मत्रयं कण्ठो रक्तं शुक्रौजसी गुदम्** ॥(च.सू.29/3)॥

यद्यप्येतानि दशायतनानि सन्ति किन्तु मर्मत्रये तु हृद्बस्तिशिरांस्येव परिगणितानि सन्ति, सन्न्यासे तु हृद्गतानां मलानाम् (दोषाणाम्) एव कारणत्वं विद्यत अत एव सन्न्यासे प्रोल्लिखितेन प्राणायतनम् इति पदेन हृदयस्यैव

ग्रहणङ्कुर्वन्ति चिकित्सकाः तदेव चेतनास्थानमुक्तं महर्षिणा सुश्रुतेन , यथा-

शोणितकफप्रसादजं हृदयं, यदाश्रया हि धमन्यः प्राणवहाः; तस्याधो वामतः प्लीहा फुप्फुसश्च, दक्षिणतो यकृत् क्लोम च; तद्विशेषेण चेतनास्थानम्, अतस्तस्मिंस्तमसाऽऽवृते सर्वप्राणिनः स्वपन्ति ।। (च.शा.4/31)

तद् हृदयं विशेषेण चेतनास्थानं चैतन्यास्पदं, सामान्येन तु सकलशरीरमेव चेतनास्थानम् । तदुक्तं चरके- "वेदनानामधिष्ठानं मनो देहश्च सेन्द्रियः। केशलोमनखाग्रान्तर्मलद्रवगुणैर्विना" (च.शा.१) इति । चेतनासहचरितं मनोऽपि विशेषेण हृदयाधिष्ठानं मतम्। (डल्हण)

अनेन स्पष्टीभवति यत् सन्न्यासे मृतोपमेऽपि जने शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगो यथावद्वर्तत एव, तस्य पुष्टिस्तु धारिस्वरूपेण जायते, यतो हि सन्न्यासे सत्यपि तच्छरीरे पूतित्वं न जायते। यद्यपि शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोग इत्यत्र शरीरग्रहणेनैवेन्द्रियाण्यपि लभ्यन्ते, तथाऽपि प्राधान्यात्तानि पुनः पृथगुक्तानि| अयं च संयोगः संयोगिनः शरीरस्य क्षणिकत्वेन यद्यपि क्षणिकस्तथाऽपि सन्तानव्यवस्थितोऽयमेकतयोच्यते| इह तु शङ्का जायते यदत्र शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोग इति किमर्थमुक्तम्? अस्योत्तरमस्ति यत्-

शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगजन्या चैतन्यानुवृत्तिर्यथोक्तसंयोगाव्यभिचारित्वेन व्यक्तत्वेन लक्षणत्वेनोक्ताऽऽयुर्वेदशास्त्रे। शरीरादिसंयोगरूपमेव त्वायुः परमार्थतः; एवम्भूतसंयोगाभावे मरणमायुरुपरमरूपं भवति, मृतशरीरे तु चेतसोऽभावादायूरूपसंयोगाभावः। सन्न्यासे तु आयुषः संस्थितिः वर्तत एव।

**शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगेऽस्मिन्नात्मा तु निर्विकारत्वेन तिष्ठति, यथा-**

**निर्विकारः परस्त्वात्मा सत्त्वभूतगुणेन्द्रियैः।**

**चैतन्ये कारणं नित्यो द्रष्टा पश्यति हि क्रियाः**।।(च.सू.1/56)

द्रष्टा साक्षी; तेन यतिर्यथा परमशान्तः साक्षी सञ्जगतः क्रियाः सर्वाः पश्यन्न रागद्वेषादिना युज्यते, तथाऽऽत्माऽपि सुखदुःखाद्युपलभमानोऽपि न रागादिना युज्यते; दृश्यमानरागादिविकारस्तु मनसि, प्राकृतबुद्धौ वा साङ्ख्यदर्शनपरिग्रहाद्भवतीति भावः| साङ्ख्यमते च मनःशब्देन बुद्धिरन्तःकरणं च गृह्यते (मनः, बुद्धिः, अहङ्कारः एते त्रयः अन्तःकरणम् इति सञ्ज्ञया व्यवहियते) ।

तदनन्तरन्तु वियोगो भवतीत्येषां चतुर्णाम्। एष एवोपरमो विनाशो मृत्युर्वेति ज्ञायते विभिन्नैः सम्बोधनैः। स उपरमो मृत्युर्वा द्विविधः- कालमृत्युः अकालमृत्युश्च।

आयुः शरीरोपगतं बलवत्प्रकृत्या यथावदुपचर्यमाणं स्वप्रमाणक्षयादेवावसानं गच्छति; स मृत्युः काले। किन्तु यथा हि कस्यचिदपि वाहनस्याक्षोऽतिभाराधिष्ठितत्वाद्विषमपथादपथादक्षचक्रभङ्गाद्वाह्यवाहक-दोषादणिमोक्षादनुपाङ्गादितस्ततः प्रक्षेपणाच्चान्तराऽवसानमापद्यते, तथाऽऽयुरप्ययथाबलमारम्भादय-थाग्न्यभ्यवहरणाद्विषमाभ्यावहरणाद्विषमशरीरन्यासादतिमैथुनादसत्संश्रयादुदीर्णवेगविनिग्रहाद्विधार्यवेगाविधारणाद्भूतविषवाय्वग्न्युपतापादभिघाताद्दुर्घटनाविशेषादाहारप्रतीकारविवर्जनाच्चान्तराऽवसानमापद्यते, स मृत्युरकाले; तथा ज्वरादीनप्यातङ्कान्मिथ्योपचरितानकालमृत्यून् पश्यामः जनपदोद्ध्वंसकाले (महामारीकाले) तु विशेषेण इति, यथा हि विगतकालेऽस्माभिः दृष्टं "कोरोना" इति नामकेन भयङ्करेणातङ्कात्मकेन रोगेण।

अनेन विवरणेन स्पष्टञ्जायते यच्चरकसंहितायां विशिष्टा दार्शनिकस्वरूपिणी दृष्टिः वर्तते यस्मिन् षड्धात्वात्मकस्य चतुर्विंशतितत्त्वात्मकस्य च पुरुषस्य संस्थितिं स्वीकृत्यापि शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगस्यैव वैशिष्ट्यं प्रतिपादितम्। चरकसंहितायां साङ्ख्य-न्यायवैशैषिकादिदर्शनानामनुसरणङ्कृत्वाऽप्याचार्येण यत्र कुत्रापि परिवर्तनङ्कृत्वा विशिष्टं स्वरूपं प्रदर्शितम्, अत एव चरकीयदर्शनस्य वैशिष्ट्यमवलोक्यते तज्ज्ञैः, यथा च शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगे वैशिष्ट्यं प्रदर्शितमाचार्येण।

# भारतीय इतिहास-लेखन की प्रमुख विचारधाराएँ

**डॉ. कुलवन्त सिंह शेखावत**
सहायक आचार्य - इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

भारत में नवीन सरकार के साथ मानव संसाधान मंत्री के पदभार संभालते ही राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद की इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में परिवर्तन के लिए किसी विद्वान् के नेतृत्व में समिति का गठन किया जाना एक परम्परा सी बन गयी है। उसके साथ इतिहास लेखन पर बहस शुरू हो जाती है, ऐसा अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन सरकार के मानव संसाधन मंत्री मुरलीमनोहर जोशी एवं मनमोहन सिंह की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के मानव संसाधन मंत्री अर्जुन सिंह ने एनसीईआरटी की इतिहास विषयक पाठ्यपुस्तकों में व्यापक फेरबदल किया था। ऐसा हम राज्य सरकारों में भी देख सकते हैं, जिसमें इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में परिवर्तन को लेकर विवाद हुआ तथा एक दूसरे पर राजनैतिक दलों ने इतिहास के भगवाकरण (दक्षिणपंथीकरण) और वामपंथीकरण करने का आरोप लगाया।

वास्तव में जब भी भारतीय लोकतांत्रिक राज्यव्यवस्था में सत्ता परिवर्तन होता है, तो उसमें शिक्षा के पाठ्यक्रमों में बदलाव अपरिहार्य रूप से जुड़ गया है, जो चिन्ता का विषय एवं विचारणीय मुद्दा है। वस्तुतः यह विवाद नवीन शिक्षण अवधारणाओं, पाठ्य पुस्तकों, शिक्षा में सुधार को लेकर भी होता है, परन्तु विशेषतः इतिहास की अवधारणाओं के लेखन से सम्बन्धित अधिक होता है तथा वह समाज एवं देश में चर्चा का विषय बन जाता है।

यह संपूर्ण विचार इतिहास के पुनर्लेखन से जुड़ा मुद्दा है। इसको लेकर संसद, शिक्षा की विचार गोष्ठियों, प्रतिनिधिमंडलों, कार्यशालाओं आदि में विद्वज्जनों की बहस होती रही है अब यह प्रश्न उठता है कि क्या इतिहास लेखन की पुनःरचना करनी चाहिए अथवा नहीं। उससे पूर्व हमें इस मुद्दे को लेकर इतिहास के सिद्धान्त एवं पद्धतियों के संदर्भ में भी अध्ययन करना चाहिए।

**इतिहास लेखन की परपंराः-**

भारत में इतिहास लेखन की परम्परा अति प्राचीन है। साहित्यिक निधि में पुराण साहित्य ऐतिहासिक लेखन के

परिचायक हैं तथा 11वीं शताब्दी में तुर्की आक्रमणकारी महमूद गजनवी के साथ आये ख्वारिज्म के यात्री अलबरूनी ने भारत में इतिहासलेखन की धारणा के अभाव की बात की तथा भारतीय इतिहासलेखन की आलोचना की थी। कालान्तर में साम्राज्यवादी आंग्लवादी विचारक मैकाले ने भी भारतीय इतिहासलेखन का उपहास उड़ाया। उन सभी का यह एक पूर्वाग्रहयुक्त मत था।

इतिहासलेखन की परम्परा एवं धारणा की शुरूआत का श्रेय यूनानी विद्वान इतिहासकार हेरोडोटस को दिया जाता है, जिसे इतिहास का पिता कहते हैं। उनकी इस परंपरा को शुद्धता एवं वैज्ञानिकता थ्यूसिडाइडीज ने प्रदान की किन्तु इन यूनानी इतिहासकारों की धारणा अनैतिहासिक थी, जिससे इतिहास की कोई सार्थकता सिद्ध नहीं होती। यह आरोप सामान्यतया लगता रहता है। इससे हीगल एवं कार्ल मार्क्स के इतिहासलेखन ने मुक्ति पायी। उन्होंने इतिहास को उपदेषात्मक, उद्देश्यमूलक एवं लक्ष्यों के अनुरूप चलने वाला बताया।

हेरोडोटस एवं थ्यूसिडाइडीज इतिहासकारों का एक महत्त्वपूर्ण दोष उनके पास इतिहासलेखन की सामग्री का अभाव होना था, जो केवल जीवनवृत्तों तथा अनुश्रुतियों तक ही सीमित थी, किन्तु 19वीं शताब्दी के जर्मन इतिहासकार लियापोल्ड वान रांके ने इतिहासलेखन में स्रोत की प्रमाणिकता पर बल देते हुए अभिलेखागार में उपलब्ध मौलिक दस्तावेजों में प्राप्त इतिहास को वैसे का वैसा प्रस्तुत करने पर बल दिया, जिससे कालान्तर में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक क्रांति के प्रणेता ब्रिटेन के केम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रत्यक्षवादी भाववादी इतिहासकार लार्ड एक्टन ने पूर्णरूपेण अपनाया।

भाववादी इतिहासकार लार्ड एक्टन ने अन्तत: इतिहासलेखन की एक अभिनव प्रवृत्ति का प्रतिपादन किया जो इतिहास में विवाद एवं कटुता को समाप्त करने वाली प्रगतिवादी विचारधारा से युक्त थी। उन्होंने प्रगतिशील विश्व का एक इतिहास लिखने की चेष्टा की तथा बताया कि वह अंतिम तथ्यात्मक सामग्री से युक्त वस्तुनिष्ठ इतिहास होगा। इसकी पुष्टि लार्ड एक्टन ने अपने ग्रंथ में की है। उन्होंने दि कैम्ब्रिज मॉडर्न हिस्ट्री के संपादन में सहयोगी लेखकों को वस्तुनिष्ठ इतिहास लिखने की हिदायत दी थी। उन्होंने लिखा है कि मारा वाटरलू ऐसा होगा जो फ्रांसीसी, अंग्रेज, जर्मन, डेनमार्कवासी सभी को संतुष्ट करे। लेखकों की सूची देखे बिना कोई यह नहीं बता सके कि ऑक्सफोर्ड के विशप ने कहॉं कलम रोकी उसके बाद कैयरबर्न, गास्केट, लीबरमान और हैरिसन ने कब उठाई।

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि इन इतिहासकारों ने इतिहास को वस्तुनिष्ठ एवं अंतिम माना, जिसमें इतिहासकार की भूमिका केवल तथ्यों को संग्रहित कर व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करने तक सीमित रखी, जिससे इतिहास पर तकनीकी एवं वैज्ञानिकता का प्रभाव बढ़ने लगा।

20वीं शताब्दी के आदर्शवादी इतिहासकारों ने इतिहास को विज्ञान बनाने की चेष्टा की आलोचना की तथा इतिहास की स्वायत्तता पर बल दिया। विद्वान क्रोचे ने तो इतिहासकार को समसामयिक की संज्ञा दी। इतिहास की इस विचारधार में क्रोचे, लुग्विड एवं ऑकशाट आदि का योगदान रहा। इन्होंने इतिहास को अतीत एवं वर्तमान का सेतु बताया। अतीत सदैव वर्तमान से जुड़ा रहता है, जिससे अंतिम इतिहासलेखन का विचार पूर्णतया बकवास एवं बेतुका है, क्योंकि इतिहासकार वर्तमानकालीन जीवन की समस्याओं एवं अभिरुचियों के आधार पर अतीत का अनुसंधान करने हेतु प्रेरित होता है तथा अतीत के तथ्यों की वर्तमान के अनुसार व्याख्या करता है इस तरह तथ्य एवं व्याख्या से मिल कर इतिहास की रचना होती है। आदर्शवादी इतिहासकारों की विचारधारा ने इतिहास की स्वायत्तता, ऐतिहासिक बौद्धिक ज्ञान एवं इतिहासकार की भूमिका पर बल दिया था।

**इतिहास पुनर्लेखन के आधार**

भाववादी इतिहासकारों ने अंतिम इतिहास लेखन की बात की थी किन्तु आदर्षवादी इतिहासकारो ने इसे पूर्णतया नकार दिया जो वास्तव में सत्य भी था। इतिहास एक अखंड प्रवाह है यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें परिवर्तन के बावजूद निरंतर बनी रहती है। अतः इतिहास लेखन की पुनर्रचना के निम्न आधार है।

इतिहास अतीत एवं वर्तमान का अन्त: संबंध है, जिसमें वर्तमान समय की समस्याओं एवं अभिरुचियों के आधार पर ही इतिहासकार अतीत के तथ्यों का चुनाव करता है, उन तथ्यों की वर्तमान समाजसम्मत व्याख्या करता है।

इतिहास में शोधों से नवीन तथ्यों तथा खोजों के आधार पर पुनर्रचना होती है ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जिससे पुनर्रचना सार्थक सिद्ध हुई है। इतिहासकार ने अपने शोधग्रंथ ''शेरशाह हिज टाइम्स'' में शेरशाह को एक प्रशासक के रूप में बताया, जिसका आधार अब्बास खॉ शेरवानी कृत तारीख-ए-शेरशाही रचना थी। प्राचीन काल में मौर्य साम्राज्य के प्रशासनिक चिंतक कौटिल्य के अर्थशास्त्र को शामशास्त्री ने खोजा। जिससे प्रशासनिक सिद्धान्तों का प्रथम बार ऐसा परिचय मिला। अलीगढ़ के प्रो. अजहर अली ने अपने शोधग्रंथ गल नोबिलिटी अंडर औरंगजेब में औरंगजेब की राजपूतनीति एवं दक्षिण नीति के संदर्भ में परंपरावादी धारणा का खंडन कर नवीन मत दिये जो उल्लेखनीय हैं।

इतिहास में नवीन अध्ययन पद्धतियों ने पुनर्रचना पर बल दिया है। सबअल्टर्न, (उपाश्रयी) एनाल्स स्कूल (सम्पूर्ण और समग्र इतिहास) जैसी विचारधाराओं ने इतिहास क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किया है सब अल्टर्न विचारधारा ने निम्न वर्ग, दलित वर्ग एवं उपेक्षित वर्ग के इतिहास पर प्रकाश डाला, वहीं एनाल्स स्कूल विचारधारा ने मानवीय समाज के अनछुए पहलुओं पर प्रकाष डालने का प्रयास किया, जिसमें पागलों का इतिहास, सपनों का इतिहास एवं खान-पान का

इतिहास जैसे विषय प्रमुख हैं। मानव के चेतन एवं अवचेतन अवस्थाओं के भेद को भी तोड़ा है।

भारतीय इतिहासलेखन की प्रमुख विचारधाराएँः-

**साम्राज्यवादी इतिहासकार**

प्लासी की लड़ाई 1757ई. को हिन्दुस्तान के इतिहास में ही नहीं, बल्कि इसे इतिहासलेखन में भी एक महत्त्वपूर्ण विभाजक रेखा के रूप में देखा जा सकता है। भारत में अंग्रजी शासन की नींव पड़ी और ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारियों को प्रशासनिक सुविधा एवं प्रचार के लिए ऐतिहासिक ग्रंथों की आवश्यकता महसूस हुई। इसी क्रम में प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास लिखा गया, जिसका उद्देश्य औपनेवेशिक हित की पूर्ति करना था।

साम्राज्यवादी इतिहासलेखन विचारधारा के अनुयायी इंग्लैण्ड के प्रमुख बुद्धिजीवी एवं विचारक विशेषत: ज्ञानोदय, उपयोगितावाद और रोमांसवाद से प्रेरित थे। साम्राज्यवादी इतिहासकार जिन्होंने भारतीय इतिहास का लेखन किया उनमें वी.ए. स्मिथ, जेम्स मिल, इलियड एण्ड डॉहडसन, लेनपूल डब्ल्यू. एच. मौरलैण्ड, एलफिन्सटन, टार्मस मुनरो, मैकाले, मालसेन एवं विलियम हंटर आदि प्रमुख हैंः-

19वीं शताब्दी के अंत में साम्राज्यवादी इतिहासलेखन का वास्तविक स्वरूप अधिक स्पष्टता से हमारे सामने उभर कर आता है। इसमें निम्नलिखित प्रवृतियाँ एवं विशेषताएँ द्रष्टव्य हैं।

- इतिहासलेखन का मूल औचित्य ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी शासन की महत्ता का प्रतिपादन करना ।
- भारत को एक राष्ट्र होने के बजाय मात्र अलग-थलग जातियों, धर्मों और कबीलों का देश बताना ।
- रामशरण शर्मा के अनुसार ब्रिटिश साम्राज्यवादी इतिहासकारों ने भारतीय इतिहास की जो व्याख्या की है, उसका लक्ष्य था भारत के चरित्र और उपलब्धियों को नीचा दिखाना और विदेशी शासन को न्यायोचित ठहराना।
- भारतीय इतिहास लेखन में साम्प्रदायिकता का जहर घोलना । इस श्रेणी में जेम्स मिल, हंटन के क्रमषः हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिष इंडिया तथा इंडियान मुस्लिमस् प्रमुख ग्रंथ उल्लेखनीय हैं। 1857 की क्रांति के बाद यह संक्रामक रोग के रूप में उभरा।

जेम्स मिल ने तो भारतीय इतिहास के प्राचीन एवं मध्यकाल को हिंदू एवं मुस्लिम काल में धार्मिक आधार पर बाँटा, जो पूर्णतया अनुचित था।

## राष्ट्रवादी इतिहासकार

भारत के विद्वानों के सामने पश्चिम की चुनौती सामने आयी। वे एक ओर उपनिवेशवादी विचाराधारा के द्वारा इतिहास को तोड़-मरोड कर भारत की अतीत की छवि धूमिल किए जाने से चिढ़े हुए थे। उनका कहना था कि भारत के इतिहास का पुनर्निर्माण किया जाये कि जिससे समाज सुधारने में सहायता मिले।

राष्ट्रवादी इतिहासकारों में राजेन्द्र लाल मित्र, आर.जी. भंडारकर, हेमचन्द्र राय चैधरी, आर.सी. मजूमदार, नीलकंठ शास्त्री, के.पी. जयसवाल, ए.एस. अल्तेकर, सर जदुनाथ सरकार, जी. एस. सरदेसाई, ईश्वरी प्रसाद, ए.एल. श्रीवास्तव, आर.पी. त्रिपाठी, के.एस.लाल, सुंदरलाल आदि प्रमुख हैं।

राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने साम्राज्य वादी इतिहासकारों द्वारा फैलाई धुंध को साफ किया तथा शरतीय दृष्टिकोण से भारतीय इतिहास लिखा। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव एवं अस्मिता पर बल दिया जिससे गौरवपूर्ण इतिहास लिखा गया ताकि राष्ट्रवाद की भावना जाग्रत हो। यह विचारधारा दक्षिण पंथी विचारधारा सिद्ध हुई। इस पर भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण को हिंदू पुनर्जागरण का प्रतीक मान लेने का आरोप लगाया जाता है। इस दृष्टिकोण के कारण इसे भगवाकरण भी कह देते हैं।

## मार्क्सवादी इतिहासकार

इतिहासलेखन की मार्क्सवादी विचारधारा कार्लमार्क्स की इतिहास की आर्थिक व्याख्या पर आधारित है जिसमें इतिहास के विकास के उत्पादन साधनों एवं वर्गो को अन्तस्सबंध से जोड़ा गया है जिनमें निश्चित तौर पर आदिम समाजवाद, दासता, सांमतवाद, पूंजीवाद एवं साम्यवाद अवस्थाओं का क्रमिक विकास देखा जा सकता है।

भारत में मार्क्सवादी इतिहासकारों का बींसवी शताब्दी के साठ-सत्तर के दशक में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद पर वर्चस्व रहा। इन्होंने इतिहास की पुनर्रचना प्रारम्भ की जिनमें डी.डी. कौसाम्बी, डी.आर. चानना, आर.एस. शर्मा, रोमिला थापर, इरफान हबीब, सुमित सरकार, विपिन चन्द्र, हरबंस मुखिया, सतीश चन्द्र, दिलबाग सिंह और मुजफ्फर आलम प्रमुख हैं।

- इन इतिहासकारों ने राष्ट्रवादियों की प्रचलित धारणाओं को खंडित करते हुए आर्थिक इतिहास लेखन किया तथा कुपाणकाल को आर्थिक स्वर्णकाल बताया। इससे भारतीय इतिहास के आर्थिक क्षेत्र में शोध हो सका।
- इन्होंने साम्प्रदायिक इतिहास लेखन की आलोचना की तथा भारतीय समाजविखंडन एवं बुराईयों को पूर्णरूपेण

उजागर किया।

इतिहास की मार्क्सवादी विचारधारा में मार्क्सवाद एक आदर्श दर्शन एवं राजव्यवस्था निहित थी। सोवियत संघ एक आदर्श राज्य था तथा सोवियत संघ के विघटन से मार्क्सवादी इतिहासकार चमक-दमक खो बैठे, फिर भी यह एक महत्वपूर्ण विचारधारा रही, जिसने आर्थिक इतिहास में महती भूमिका निभाई और उसे निरन्तर आगे बढ़ाया।

**सबॉल्टर्न (उपाश्रयी) विचारधारा**

इतिहास की परम्परागत लेखन विषयक अवधारणा के विरोध में सबअल्टर्न विचारधारा ने इतिहास को व्यापक आयाम एवं क्षेत्र प्रदान किया। यह मार्क्सवाद की कमियों के सामने रूप में आयी। आधुनिक भारतीय इतिहास का लेखन में इस विचारधारा लेखन कार्य हो रहा है। मूलतः इस विचारधारा का प्रतिपादन प्रो. रणजीत गुहा ने किया उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में दलितों को स्थान दिया जाये, यह दलितों के अध्ययन के नाम से भी जाना जाता है। आधुनिक भारत के इतिहास में दलितों के अध्ययन को यूरोप की तरह आम आदमी का इतिहास या निम्न वर्गो का इतिहास भी कहा जा सकता है। इस पद्धति के आधार पर रणजीत गुहा के साथ सुमित सरकार एवं एरिक स्टोक्स आदि ने भी इतिहास लेखन किया है।

**प्रगतिवादी इतिहासकार**

स्वंतत्रता-संघर्ष के दौरान राष्ट्रवादी इतिहासकारों ने साम्राज्यवादी इतिहासकारों के प्रत्युत्तर में सांस्कृतिक गौरवपूर्ण इतिहास लेखन का कार्य प्रारम्भ किया। इन्होंने हिंदू संस्कृति को भारतीय संस्कृति मानते हुए मध्यकालीन शासकों की धार्मिक नीति एवं कार्यो के आधार पर भारतीय संस्कृति के ह्रास पर प्रकाश डाला। मध्यकालीन सुल्तान एवं मुगल बादशाहों की जबरदस्त आलोचना की। प्रत्युत्तर में अलीगढ़ विष्वविद्यालय में मध्यकालीन भारतीय इतिहास का पुनर्लेखन प्रारम्भ हुआ। उनका कहना था कि मुस्लिम शासकों के द्वारा किये अच्छे कार्यों को श्रेय नहीं मिला। गहन शोध के अभाव से निर्मित परंपरागत धारणाओं को बदलने के रूप में ये प्रगतिवादी इतिहासकार आगे आए।

प्रगतिवादी इतिहासकारों में मुहम्मद हबीब, इरफान हबीब, सतीश चन्द्र एवं अजहर अली प्रमुख हैं। सर्वप्रथम मुहम्मद हबीब ने हमूद ऑफ गजनवी ग्रंथ में महमूद गजनवी के आक्रमणों में आर्थिक उद्देश्यों पर बल दिया। मुस्लिम शासकों द्वारा वसूले जाने वाले जजिया कर को इन्होंने आर्थिक एवं राजनीतिक कर माना, क्योंकि के.ए. निजामी के अनुसार गहड़वाल नरेश गोविन्द चन्द्र ने तुरुष्क दण्ड नामक कर वसूला जो जजिया की ही तरह था।

परंपरावादी इतिहासकार जदुनाथ सरकार ने औरंगजेब की दक्षिण, राजपूत और धार्मिक नीतियों की आलोचना की उसकी इन नीतियों को उन्होंने मुगलसाम्राज्य के पतन का कारण माना। प्रो. अजहर अली ने दी मुगल नोबिलिटी अंडर औरंगजेब में औरंगजेब के शासनकाल पर पुनः लेखन किया तथा अपने शोधपूर्ण ग्रंथ में सांख्यिकी आंकडों के आधार पर परंपरावादी इतिहासलेखन के मत को पूर्णतया बदल दिया। उन्होंने सिद्ध किया, कि अमीर वर्ग संगठन का अध्ययन करने पर औरंगजेब किसी भी दशा में राजड़ोंपूत विरोधी प्रतीत नहीं होता।

**इतिहास लेखन की पुनर्रचना एवं इतिहासकारों की आचार संहिता**

इतिहास को वस्तुनिष्ठ विषयाधारित नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि इतिहासकार इतिहास में तथ्यों की व्याख्या के लिए स्वतंत्र होता है, वह मानव चेतना एवं बदलाव के कारण कई तरह की गलतियों से सोद्देश्य ऐसे कार्य करता है, जो वर्तमान समाज के लिए स्वीकार करना कठिन है।

ई.एच. कार ने अपने ग्रंथ वाट् इज् हिस्ट्री में इसको स्पष्ट करते हुए लिखा है कि इतिहासकार को एक न्यायाधीश की तरह समाज से ऊपर उठकर पूर्वाग्रह से मुक्त होकर इतिहासलेखन का कार्य करना चाहिए। इतिहास की विद्यालीय स्तर की पाठ्यपुस्तकों की सामग्री को एक बन्दूक, हथियार एवं चुनौतीपूर्ण कार्य न मानकर एक नैतिक कर्तव्य माने जैसा कि विद्वान इतिहासकार नेबूर ने कहा था - इतिहासकार को उस मधुमक्खी की तरह का स्वभाव अपनाना चाहिए जो जहरीले पुष्पों से मीठा शहद इकट्ठा करती हैं।

वर्तमान समाज की आवश्यकता है कि राष्ट्रीय गौरव एवं नैतिक विकास के लिए तथ्यात्मक इतिहास लेखन हो, साथ ही नवीन इतिहास पद्धतियों सबाल्टर्न, एनाल्स स्कूल, संरचनात्मक एवं उत्तर संरचनात्मक तथा उत्तर-आधुनिकता जैसी विचारधाराओं का प्रयोग कर इतिहास लेखन करना चाहिए इससे इतिहास के क्षेत्र एवं आयाम को व्यापकता मिलेगी। समाज की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को देखते हुए नवीन स्त्रोतों के प्रयोग करते हुए इतिहासकार को समाज का मार्गदर्शन करना चाहिए, जिससे इतिहास की प्रासंगिकता बनी रहे।

# वैदिकी पर्यावरणप्रक्रिया

**बालकृष्ण एम. दवे**
शोधार्थी, संस्कृत विभाग
अपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर

आधुनिकवैज्ञानिकविकासस्य परिणामस्वरूपं वर्तमाने सम्पूर्णं विश्वं विनाशोन्मुखं लक्ष्यते। पुनरपि वयं मानवा: नवनवैर्वैज्ञानिकाविष्कारै: तकनीकी प्रयोगैश्च विनाशकारकपदार्थानामेव प्रयोगेउपयोगे च लग्नाः स्म। विनाशोन्मुखिप्रवृत्तिरेतावती भयावहा वर्तते यत् पृथिव्या अस्तित्वमपि संकटग्रस्तं दृश्यते। वैश्विकोष्माप्रसारोऽपि जीवानां कृते पर्याप्तं घातुको वर्तते। पर्यावरणं प्रकृतिदोषापन्नत्वात् कथं हितकरं स्यादिति चिन्तनीयमस्ति। राजनेतारो वैज्ञानिका विद्वांसश्च बहुकालादस्मिन् विषये चिन्तनशीलाः सन्ति । उपायान्वेषणे च लग्नाः सन्तिकिन्तु ते सफला भविष्यन्ति न वेति संशयास्पदमेवास्ति यतो हि ते वैज्ञानिकविकासावरोधमपि नैव वांछन्ति, न च तकनीकी विकासावरोधमेवेच्छन्ति। अस्यां स्थितौ अयं प्रश्न: समुदेति यत् आधुनिकविज्ञानविदां चिन्तने जीवनदृष्टिः किंविधाऽस्ति। मानवीया जीवनशैली कीदृशी स्यात् कथं च निर्बाधप्रवाहमयी स्यात् इत्येतद्विधं चिन्तनं सम्भवतस्तेषां मस्तिष्केऽनुपपन्नमेव । अत्रास्माकीनं चिन्तनं त्विदं वर्तते यत् यावदद्यतनीयायां मानवीयजीवनशैल्यां वाञ्छनीयम् आधारभूतं परिवर्तनं न भविता तावत् पर्यावरणसंरक्षणस्य जीवसंरक्षणस्य पृथिव्या: संरक्षणस्य च नास्माकं संकल्प: फलीभूतो भवेत्।

**वेदोक्तं देवविज्ञानम् पर्यावरणं च**

समसामयिकं वैश्विकपरिदृश्यं विलोक्य स्वाभाविकरूपेणेयं जिज्ञासा समुदेति यत् आधुनिकविज्ञानद्वारा मानवेभ्य: प्रदत्ताया जीवनशैल्या किं विकल्पोऽस्ति । यदा वयमस्य विकल्पस्य अन्वेषणाय प्रवृत्ता भवामः सूक्ष्मतया विचारयामश्चेदेषां जिज्ञासा अनायासमेवास्मान् वेदविज्ञानमवगन्तुं प्रेरयति । वेदे यद् विज्ञानमस्ति तल्लोकानां कृते परमकल्याणकारी वर्तते इति तथ्यं एकोनविंश्यां शताब्द्यामेव पं. मधुसूदन ओझा महोदयै: स्वकीयग्रन्थेषु वैशद्येन स्पष्टीकृतम्। वेदविज्ञानं वस्तुतो देवानां विज्ञानमस्ति। देवतत्त्वं एकमात्रम् एतादृशं तत्त्वमस्ति यद्धि स्वयमेव सृष्टेरुत्पादकं नियामकं संहारकं चास्ति। वर्तमाने देवतत्त्वविषये जनसामान्यो भ्रान्त एवास्ति । यतो हि स वेदविज्ञानादनभिज्ञोऽस्ति। वस्तुतस्तु देवा: सूर्यरश्मयः एव सन्ति। सूर्यरश्मीणां यद्विज्ञानमस्ति तदेव वेदे सन्निहितमस्ति । सूर्यः एकस्मिन् वर्षे षष्ट्युत्तरनवशतसंख्याकप्रकारा रश्मी: प्रसारयति । ता रश्मय एव समग्रं सांसारिकं कार्यकलापं संचालयन्ति।

सूर्यातिरिक्तग्रहाणां रश्मयोऽपि सहयोगिन्यो भवन्ति। नक्षत्राणां तारकाणां चापि रश्मय एषां देवानां सहयोगिन्यो भवन्ति। एवं चेद् रश्मिरेव प्रधानभूतं देवसंज्ञकं तत्त्वमस्ति । इदं रश्मितत्त्वमेव सजीवानां निर्जीवानां पदार्थानां वनस्पतीनां च कारकमस्ति। यद्येतन्न स्यात्तदा संसारे पदार्थकल्पनापि नैव कर्त्तुं शक्यते। आधुनिका वैज्ञानिका अपि वेदविज्ञानस्येदं सत्यं स्वीकुर्वन्ति यत् पदार्थानामुद्भवे वृद्धौ च सूर्यरश्मीणां प्रभावोऽवश्यं भवति । वनस्पतयोऽपि सूर्यरश्मिभिरेवाङ्.कुरिता: पल्लविता: समृद्धाश्च भवन्ति। अनेन स्पष्टीभवति यत् वेदोक्तं देवतत्त्वमेव विश्वपर्यावरणस्य मूलकारकमस्ति। इदं चादित्ये समाहितमस्ति, अतएव वेदा: आदित्यं सनातनब्रह्मरूपेण प्रतिपादयन्ति।

वेदविज्ञानस्य गूढरहस्यवेत्तृणां मतानुसारं देवसंज्ञका विशिष्टा प्राणशक्ति: सूर्यादिग्रहाणां नक्षत्राणां तारकाणां च रश्मिषु वैविध्येन गूढा भवति। सा शक्तिरेव स्वीयवैविध्येन वैविध्यपूर्णमखिलंजगत्प्रपंचं रचयति। संसारस्य सर्वे पदार्था तया प्राणशक्त्या अनुप्राणिता:सन्ति । एवं चेत् कश्चिदपि सांसारिकपदार्थ: देवहीन : प्राणहीनो वा नास्तीति वेदज्ञा: कथयन्ति । आधुनिका वैज्ञानिका जडपदार्थेषु निष्प्राणत्वं प्रवदन्ति, किन्तु वेदविज्ञानवादिन: कथयन्ति यदेतद् आधुनिकवैज्ञानिकानामल्पज्ञतैवास्ति। यतो हि यथा सजीवेनोच्चारिता वाक् वायुं समाश्रित्य अन्यत्र श्रूयते तेन स्पष्टमेवास्ति यत् वाक्प्राणं वायुर्धारयति। एवं चेत्कथं तस्य निष्प्राणत्वं वक्तुं शक्यते । जडपदार्थेषु प्राणाभावे कथं मिथ: संघटने शब्दादयो भवन्ति। कथं च तेषामप्यन्तः रश्मीणां प्रवेशो निस्सरणं च सम्भवत:। एवं बहव: प्रश्नावर्तन्ते येन विषयोऽयं जिज्ञास्यः प्रतीयते। अत्र केवलमिदमेव निष्कृष्टं वक्तुं शक्यते यत् पर्यावरणमपि देवतत्त्वरहितं नास्ति। यतो हि अस्तिकायादीनि भूतानि पर्यावरणं प्रभावयन्ति । आदित्यादिग्रहनक्षत्रतारकाणां रश्मयोऽपि पर्यावरणं प्रभावयन्ति। देवप्राणत्वेनैता रश्मय: पर्यावरणमुपकुर्वन्ति।

**त्रयोलोकस्त्रयो देवा:**

वेदे लोकत्रयस्योल्लेखोऽस्ति-भूलोक:, भुवर्लोक: स्वर्लोकश्च। एषु यो भूलोक: स अस्माकं दृश्यमाना इयं पृथिवी एवास्ति। भुवर्लोकश्चान्तरिक्षं वर्तते। भुवः परिधेर्बहि: शून्यं यदपि लक्ष्यते तदेवान्तरिक्षमितिद्वितीयलोकत्वेनोपकल्पितम्। अन्तरिक्षादुपरि यत्र आदित्यस्तपति सः स्वर्लोकः आकाशसंज्ञयाप्याधुनिकैर्व्यवह्रियते। इदं लोकत्रयमेकस्मिन् ब्रह्माण्डे संस्थितमस्तीति मन्तव्येऽपि नास्ति काचन विप्रतिपत्तिः।

ब्रह्माण्डमेव पर्यावरणस्य क्षेत्रम्। तात्पर्यमिदमस्ति यत् पर्यावरणं पृथ्वीपर्यन्तमेव सीमितं नास्ति, यतो हि पर्यावरणीय अध्ययनाय क्षेत्रविशेषस्य सीमारेखाया निर्धारणं नाद्यावधि विहितं न च विधातुं शक्यते। ब्रह्माण्डीया सर्वा घटना: एकस्मिन् सुनिश्चिते एव पर्यावरणे सम्भवन्ति। प्राकृतिका आपद: पृथिव्याम् अन्तरिक्षे स्वर्लोकं च कुत्रापि भवितुं शक्नुवन्ति । अनेन स्वयमेव सिद्ध्यति यत् त्रैलोक्यमेव पर्यावरणस्यागारम्। पर्यावरणे एव प्राणानां संस्थितिर्भवति । यत्र

पर्यावरणं नास्ति तत्र प्राणशक्तिरपि नैव स्थातुं शक्नोति।

पार्थिव पर्यावरणे पृथिवी एव अस्याः प्राणशक्तेरधिष्ठात्री भवति। तस्मादेव वैदिकर्षिः कथयति-

**"माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्याः" इति।**

आधुनिकवैज्ञानिका भूमिं जडां मन्वते, किन्तु वैदिका भूमिं प्राणवतीं मन्वते। अतएव तै: 'माता' शब्देन पृथिव्या: संज्ञपनं कृतम्। वेदविज्ञानवादिनः कथयन्ति यत्पृथिव्यां अग्निः प्राणरूपेण विद्यमानो भवति। अन्तरिक्षे वायुः प्राणरूपेण विद्यमानो भवति। स्वर्लोके च आदित्य: प्राणरूपेण विद्यमानो भवति। ग्रहनक्षत्रतारकाणां रश्मयः इमान् प्राणान् बलं प्रददति परिणामस्वरूपं इमे प्राणाः सततं सक्रिया भवन्ति। अमीषामस्तित्वं चापि शाश्वतिकतामाप्नोति। तत्परिणामस्वरूपमेव प्राणिनो पशवो वनस्पतयः जडपदार्थाश्चोत्पद्यन्ते। रश्मिप्राणयोर्निर्बाधप्रवाहेणैव पर्यावरणीया प्रक्रिया प्रचलति । एषा पर्यावरणीया प्रक्रिया सर्वदा सततं प्रवहमाना भवति चेन्न कश्चिदपि पदार्थो बाधाग्रस्तो भवति किन्तु यदास्यामवरोधो विश्रृंखलनं वैषम्यं वा समायाति तदैव पर्यावरणीय: संकट: समुपस्थितो भवति।

**देवानुकूलनमेव पर्यावरणीयानुकूलनम्**

प्राणिनां प्राणरक्षणाय पर्यावरणस्यानुकूलनं पर्यावरणविदां मतेन अपेक्षणीयं भवति । ये प्राणिन: पर्यावरणेन सह अनुकूलनं स्थापयितुम् अक्षमा भवन्ति तेषां जीनं संकटग्रस्तं भवति। वेदविज्ञाने पर्यावरणीयानुकूलनदृष्ट्यैवोक्तं यत् 'अदितिः स माता स पिता स पुत्र:' इति। अदितिः प्रकृतिरस्ति सैव सर्वेषां प्राणिनां जीवनसर्वस्वमस्ति । यत्र प्रकृतिरस्ति तत्रैव पर्यावरणं भवति। प्रकृतेश्च पोषणाय यज्ञः सर्वाधिकमुपयुक्तं साधनं प्रतिपादितम्। तेन विशुद्धा प्रकृतिः विशुद्धं पर्यावरणमाविर्भावयति। प्रकृत्या: या कार्यप्रणाली विद्यते सैव प्राणिभ्यो जीवनचर्यायै ग्राह्या इति वेदविज्ञानविदो वदन्ति। तन्मतेन प्रकृतिरेव मानवीयजीवनविज्ञानस्य प्रयोगशाला अस्ति। प्रकृतावेव मानवता परीक्ष्यते।अपि च वैज्ञानिकदृशा दिग्देशकालावच्छिन्नाः सर्वे पदार्थाः दिग्देशकालावच्छिन्नया प्रकृत्यैव जीवनादारभ्य सक्रिया भवन्ति, जीवनं जीवयन्ति, जीवनपर्यन्तं प्रकृतिस्तेषामुपकारिणी भवति, अतएव पर्यावरणीयमनुकूलनं कदापि विश्रृंखलितं न स्यादिति प्राणिभ्य उपदिशति यत् ते एतदर्थं सर्वदा सावधाना भवेयुः।

पर्यावरणीयानुकूलनाय त्रयो देवा अभ्यर्च्या:स्तोष्याश्चाभिमताः। तत्र प्रथमो देवोऽग्निः। स उष्मणा सहिष्णुतां शास्ति। प्राणिन: सहिष्णवो भवेयुः । असहिष्णुर्न जीवति न च जीवितुं शक्नोति। पर्यावरणे उष्माणं सोढुं बालातपसेवनं श्रेष्ठ उपाय:। यदि प्राणी दैनिकरूपेण बालातपं सेवते तदा सूर्यतापं सोढुं सक्षमो भवति। द्वितीयो वायुर्देवः। स ग्रीष्मे उष्मणा शीते च शैत्येन ग्रस्तो भवति। प्राणी ग्रीष्मे उष्णुं वायुं शीते च शैत्यं वायुं सेवितुं सक्षमो भवेत् । न चेत् कथमनुकूलनम् आप्नुयात्।

तृतीयो देव आदित्य:। स एव सर्वेषां प्राणिनां प्राणदाता। यथा यथा आदित्य: प्रवर्तेत तथा तथा प्रवर्त्तितव्यम्। तेन आदित्यमाधारीकृत्य दिनचर्या जीवनचर्या च निर्धारिणीये। तदैव मानवा: जीवनं व्यष्ठातुं क्षमन्ते।

एते त्रयो देवा एव स्वरूपभेदात् त्रयस्त्रिंशत् संजायन्ते । तत्र अग्नेरष्टाभि:रूपैः अष्टौ वसवः जायन्ते। वायोरेकादशभिः रूपैरेकादशरुद्रा जायन्ते। आदित्यस्य द्वादशभिः रूपैर्द्वादशादित्या जायन्ते।

## आधारभूते भौतिकं तत्त्वम् अग्निः

सर्वेषु पञ्चमहाभूतेषु प्राथमिकं तत्त्वं अग्निर्महाभूतः स्वीकृतः । अयम् अग्निरेव पृथिव्या देवताऽभिमतः। अन्यदेवानामिवास्याप्यग्नेस्त्रीणि स्वरूपाणि सन्ति । तत्र अधिभौतिकोऽग्निरिति प्रथमं स्वरूपम्। आधिदैविकोऽग्निरिति द्वितीयं स्वरूपम्। अध्यात्मिकोऽग्निरिति तृतीयं स्वरूपम्। वर्तमाने वयम् अग्नेर्यत्स्वरूपं पश्यामस्तदग्नेराधिभौतिकं स्वरूपमस्ति। इदमपि आधिभौतिकं स्वरूपं पर्यावरणविषये चिन्तनीयम्। अयं आधिभौतिको अग्निः शुद्धपदार्थेन शुद्धो भवति, अशुद्ध पदार्थेन चाशुद्धो भवति। एवं चेदस्मिन् अग्नौ शुद्धपदार्था: एव दग्धव्या होतव्याश्च। न च कदाचिदपि अशुद्धपदार्था: दग्धव्या हव्या वा। अशुद्धपदार्थानामशुद्धिरेवाग्निना ज्वलनारन्तरं निस्सरति, तेन च पर्यावरणम् अशुद्धं भवति। एवमेव शुद्धपदार्थानां शुद्धिरप्यग्निना निस्सृता सती पर्यावरणं शोधयति। अनेनैवाग्नौ ओषधीनां हवनस्य घृतस्य हवनस्य च महत्ता स्वयमेव स्प भवति।

सूर्ये आदित्यप्राणरूपेणयो ऽग्निर्विद्यते सोऽग्ने राधिदैविकं स्वरूपम्। प्राकृतयज्ञे अस्यैवाधिदैविकस्याग्नेरुपयोगो भवति। अन्तरिक्षे वायौ प्रच्छन्नरूपेण विद्यमान: सोमोऽस्य हविर्द्रव्यं भवति। सोमस्याहुतिः सूर्यरश्मिस्वरूपैर्देवैर्विधीयते। तस्याहुतेः परिणामस्वरूपं पर्जन्यानामाविर्भावो भवति। पर्जन्या: अपि रश्मिवन्तो भवन्ति। पर्जन्यरश्मयः सूर्यरश्मिवन्तो भवन्ति। साहाय्येन जलमुद्भावयन्ति। एतानि जलान्येव स्थायिरूपेण भुवा लभ्यते। बलं प्राप्तुं च सर्वे प्राणिनः जलं पिबन्ति दृश्यजगतो बाह्यप्रकृतिं च द्रष्टुं समर्था भवन्ति। अतएवोक्तम्

**"अपो हि ष्ठा मयो भुवस्ता न अर्जे दघातन।**

**महेरणाय चक्षसे।"इति।**

पृथिव्या देवत्वादग्निरयं भूनिष्ठ एव मूलतो विज्ञातव्यः। यदाधिदैविकोऽग्निः भूमिं प्रविश्य स्वामित्वं प्राप्तवान्। अस्याग्ने: स्वरूपाद्वयं वेदविज्ञाने प्रतिपादितम्- चित्याग्निः चितिनिधेयाग्निश्च । योऽग्निः पिण्डे ओतप्रोतश्च भवति सः चित्याग्निसंज्ञया उक्तः । यश्चाग्नि: पिण्डाद् अभितस्तत्तेजोरूपेण संस्थितो भवति सः चितिनिधेयाग्निरुच्यते । अग्नेर्यत् चितिनिधेयं स्वरूपं पिण्डमभितस्तेजोमण्डारूपेण प्रसरति तत्केवलं भूपिण्डं यावत् सीमितं नास्ति अपितु सूर्यपर्यन्तं

प्रयाति । भूपिण्डस्य तेजोमयमिदं मण्डलमेव प्रध नात् पृथिवीत्युच्यते। एवं चेत् भूपिण्डं केवलं दृश्यमाना पृथ्वी अस्ति, किन्तु पृथ्वी शब्देन भूपिण्डातिरिक्तं तदीयतेजोमण्डलस्यापि ग्रहणं भवतीत्युभयोर्भेदो विद्यते।

भूपिण्डे यो अग्निरस्ति तस्य मर्त्याग्निरिति संज्ञाऽस्ति,किन्तु पृथिव्यां योऽग्निरस्ति तस्य अमृताग्निरिति संज्ञाऽस्ति। आधुनिकविज्ञानस्य भाषायां पृथिवी भूपिण्डस्य पर्यावरणमस्ति। भूपिण्डपृथिव्योरुभयो: परस्परं गहनसम्बन्धो भवति यतो हि भूपिण्डस्य सत्ता तदीयतेजोमण्डलरूपिण्या: पृथिव्या अभावे नैव सम्भवति।एवमेव पृथिवीरूपं तेजोमण्डलमपि विना भूपिण्डं न स्थातुं शक्नोति। अतएवाधुनिकपर्यावरणविदां चिन्तकानां च चिन्तनमिदं पर्याप्तं उचितं प्रतीयते यत् पर्यावरणस्य क्षत-विक्षतायामवस्थायां भूपिण्डस्य अस्तित्वे अपि संकटम्उपस्थास्यते। अतएव पर्यावरण संरक्षणाय तदभिवृद्धौ च प्रयत्ना विधेयाः।

**आधारभूतं भौतिकतत्त्वं जलम्**

जलतत्त्वमपि व्यापकं तत्त्वमस्ति। द्युलोकात्पृथिवीपर्यन्तं त्रैलोक्ये सर्वत्र जलमुपलभ्यते। द्युलोकतः परे विद्यमानाः सूक्ष्मजलीयपरमाणवः 'अम्भ' इति संज्ञया उच्यन्ते । सूर्यरश्मिषु व्याप्तं जलं 'मरीचि' संज्ञया उच्यते। पृथिव्यां विद्यमानं जलं 'मर' संज्ञयोच्यते। भूगर्भे विद्यमानं जलं 'आप:' इति संज्ञया उच्यते। ओषधीषु वनस्पतिषु च अग्निगर्भं जलं विद्यमानं भवति अथवा चास्मिन् जले एवाग्निरोषधयश्च सूक्ष्मतया विद्यन्ते येन जलप्रवर्षणमात्रेण भूमिर्वनस्पतीन्ओषधीश्च प्रादुर्भावयति।

उक्तञ्च यजुर्वेदे-

**"गर्भोऽस्यौषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम् ।**

**गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भो अपामसि ३॥"**

जलं सोमस्येव विकारोऽस्ति । तस्मादेव चेदममृतमयं भवति । इदमेव प्राणिषु वनस्पतिषु औषधीषु च रसशक्तिमुत्पादयति। तया रसशक्त्यैव प्राणिन ओषधयश्च शरीराणि पोषयन्ति। बृहज्जाबालोपनिषदि अस्य स्वरूपमेवमुक्तं-

**'शक्तिः सोमो अमृतमयो रसशक्तिकरी तनूः।"**

ब्रह्मणः पंचसु प्रकृतिषु प्राणानन्तरमस्यैव गणना विहिता। यथा-प्राणआपः वाक् अन्नाद: अन्नं चेति पंच ब्रह्माणि महतयः।एषा जलप्रकृतिः निसर्गतः सौम्या भवति। वायौ जलस्य विद्यमानता तं वायुमपि सौम्यं विदधाति। सौम्यो वायुरेव शिव: शंकर: , कल्याणकरो भवति। वेदविज्ञाने सोम्यवायो:. संशमन इतिसंज्ञा उक्ता। सर्वएव हि क्षोभा:

शिववायुयोगात्संशाम्यन्ति। वस्तुतस्तु जलमेव तत्र प्रभावं जनयति। अतएवोक्तं तैत्तिरीय ब्राह्मणे-

**"या दिव्या आप: पयसा सम्बभूवु**

**र्या अन्तरीक्ष्या उत पार्थिवीर्या:।**

**हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः**

**शिवा: शं स्योना: सुहवा भवन्तु१।। "**

श्वेताश्वतरोपनिषदि जलस्य पञ्चस्रोतसामुल्लेखो विद्यते।यथा -

**"पञ्चस्रोतोऽम्बुं पञ्चयोन्युग्रवक्रां,**

**पञ्चप्राणोर्मे पञ्चबुद्ध्यादिमूलान्।**

**पञ्चाशद्भेदां पञ्चपर्वामधीम:२।।"**

अव अम्बूनां जलानां यानि पंच स्रोतांसि संकेतितानि तानि वर्तन्ते परमेष्ठी, मरीचयः, पर्जन्यः, पृथिवी, भूगर्भश्च। अर्थात् जलानां मूलस्रोत: परमेष्ठी अस्ति अतएव परमेष्ठिलोके सोमरूपेण जलस्य स्थितिर्भवति मरीचय: सूर्यरश्मयो भवन्ति ते सोमस्य संवहनात् जलमय्यो भवन्ति। पर्जन्य: वायु द्वारा जलानि संहत्य वृष्टिजलं निर्माति। पृथिवी वृष्टि जलस्य संधारणं करोति। सन्धृतवृष्टिजलमेव भूगर्भं प्रयाति, भूगर्भे पूर्वतोविद्यमानजलेन सह मिश्रीभूय तज्जलं सविशेषं विशुद्धं बल्यं च भवति। भूगर्भीयजलेनैव वनस्पतयोऽनुप्राणिता भवन्ति। पृष्टिजलेन तेषामाविर्भावो भवति। पार्थिवं जलमेव प्राणिभि: पेयं भवति। एवं जलं पर्यावरणे प्राणिकल्याणायैव प्रवर्तमानमस्ति। अतएवोक्तं-

**"पय: पृथिव्यां पय ओषधीषु"**

वस्तुतो जलस्यैतादृशीमुपयोगितां दृष्ट्वैव जलसंरक्षणाय प्रवर्तितव्य मिति पर्यावरणविदो वदन्ति।

# राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक : भाईजी रामरतन कोचर

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

समन्वयक - पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र,

वैदिक हेरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

जीवन तो प्रत्येक व्यक्ति को मिलता है, किन्तु जिस जीवन से देश और समाज का उद्धार होता हो, धर्म और संस्कृति का उत्थान होता हो और मानवता की सेवा होती हो, ऐसा जीवन जीने का साहस किसी-किसी में होता है। राष्ट्रप्रेम, मानवसेवा, प्रभुसेवा, सर्वधर्म समभाव अपने जीवन का मूल मन्त्र समझने वाले संजीदा इन्सान का व्यक्तित्व खद्दर की धोती, खद्दर का कुर्ता, ऊपर जाकिट,पैर में चप्पल, चेहरे पर सौम्य मुस्कराहट के रूप में उजागर होकर प्रस्तुत होने वाले व्यक्तित्व का नाम है रामरतन कोचर। दूसरों को सशक्त बनाने की चाह रखने वाले रामरतन कोचर को अपने लिए शक्ति बटोरने की इच्छा ने उद्वेलित नहीं किया।

बड़ी और बुलन्द शख्सियतों की पहचान ही यह है कि वह जब जीवित हो, तो ऐसा लगे कि हम में से ही एक आम आदमी हैं; लेकिन न हों, तो यह गर्व भरा एहसास हम में जागे कि जितना समय हम उस शख्स के साथ जिए, वह हमारे जीवन का मूल्यवान 'काल-खंड' था। रामरतन कोचर निश्चय ही कहीं असाधारण थे; लेकिन वे जमीन की गहराई से, नींव से सर उठाते और पौरुष की आभा से आलोकित अपनी तरह के अलग ही शख्स थे। राजस्थान संस्कृत अकादमी की अध्यक्ष, रामरतन कोचर की पौत्री, करणसिंह कोचर की पुत्री डॉ. सरोज कोचर ने बताया कि मंगसर सुदी ५, विक्रम-संवत् १९६४ तदनुसार 20 दिसम्बर,1906 को बीकानेर में रिद्धकरण कोचर की धर्मपत्नी श्रीमती लाडबाई की कुक्षि से रामरतन कोचर का जन्म हुआ। अपने दादा भोजराज के लाडले रामरतन अपने माता-पिता के चार लड़कियों के मध्य इकलौते पुत्र थे। राजस्थान के बीकानेर ओसवाल समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार अधिक नहीं था। पढ़ने-लिखने के सामान्य अभ्यास के साथ वाणिज्योपयोगी गणित (वाणिका) एवं सुलेख का विशेष अभ्यास कराया जाता था।

इन्होंने बीकानेर में ही साधारण रूप से स्कूली शिक्षा ग्रहण की। इन्हें 12 वर्ष की आयु में ही कोलकाता अपनी बहिन-जीजाजी के पास भेज दिया। जीजाजी प्रमुख वस्त्र व्यवसायी थे। रामरतन का देश सेवा के प्रति रुझान होने के कारण न तो इनका मन व्यवसाय में लगा, न ही घर में। स्कूली शिक्षा बीच में ही समाप्त हो गई। कोलकाता में अमर शहीद यतीन्द्रनाथ दास के अनुगामी बन कर क्रान्तिकारियों की गुप्त कार्यवाहियों में भाग लिया। सन् 1928 में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा आयोजित कोलकाता कांग्रेस अधिवेशन के अवसर पर गठित कांग्रेस सेवादल के रूप में

नेताजी द्वारा ही दीक्षित हुए। 1930 में गांधीजी के सत्याग्रह आन्दोलन के सजग प्रहरी बने और चर्चित होने के कारण इनको जेल जाना पड़ा। इनकी क्रान्तिकारी गतिविधियों से बीकानेर में घरवाले परिचित हुए। तब घरवालों ने सुनियोजित रूप से इनको बीकानेर बुलाने हेतु एक तार कोलकाता भेजा, जिसमें लिखा था ~ दादाजी की तबीयत बहुत खराब है। शीघ्र घर आओ। रामरतन हिम्मत और हौसला रखते हुए दादाजी के स्वास्थ्य लाभ की भगवान से प्रार्थना करते हुए बीकानेर पहुँचे। यहाँ आने पर परिवार के लोगों ने किसी भी स्थिति में वापस कोलकाता नहीं जाने दिया। युवा रामरतन का मन राजनीति में न रमे इस भाव से प्रेरित होकर उनके घरवालों ने बीकानेर के लूणकरण बच्छावत की पुत्री सूरज कुमारी से उन्हें विवाह-बंधन में बांध दिया। कोचर दम्पत्ति के चार पुत्र रामसिंह, करणसिंह, वल्लभकुमार, विजयकुमार तथा तीन पुत्रियां जतनदेवी, शुभ एवं शान्ता हुई। कोलकाता से लौटने के बाद इन्होंने बीकानेर के प्रसिद्ध लाभूजी कटले में किराये की दुकान में वस्त्र व्यवसाय प्रारम्भ किया। रतन की हट्टी के नाम से लोग इनकी दुकान को जानते थे।

राजस्थान के निर्माण के साथ मुख्यमंत्रियों के जल्दी-जल्दी बदलने का सिलसिला मोहनलाल सुखाडिया पर रुका। इस दौरान सरकारों में बीकानेर का प्रतिनिधित्व सशक्त नहीं हो पाया, विकास की दृष्टि से बीकानेर संभाग और विशेषतः बीकानेर नगर की घोर उपेक्षा ही होती रही। अनेक प्रयासों के बावजूद जब कोई भी अनुकूल निर्णय नहीं हुआ तब अपनी ही कांग्रेसी सरकार के विरुद्ध तत्कालीन बीकानेर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामरतन कोचर ने 5 जुलाई,1955 को प्रस्ताव पारित कर जन-आन्दोलन की घोषणा कर दी। कांग्रेस महासमिति और प्रदेश कांग्रेस को सूचित कर दिया कि राष्ट्रीय पर्व को छोड़ कर किसी भी मंत्री और कांग्रेस नेता के कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे और अनशन पर बैठेंगे,जेल भरेंगे। परिणामत: प्रदेश के संगठन और सरकार को बीकानेर के लिए विकासयोजना स्वीकृत करने को मजबूर होना पड़ा। बीकानेर के विकास की आधार रचना के सूत्रधार रामरतन कोचर और उनके सहयोगी मूलचंद पारीक रहे।

राजस्थान में जयपुर के बाद दूसरा मेडिकल कॉलेज बीकानेर में ही खुला था जिसका श्रेय रामरतन कोचर को भी है। मेडिकल कॉलेज के अलावा राजस्थान नहर, जलोत्थान योजना, ऊनी मिल, पशुविज्ञान महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व डूँगर महाविद्यालय का नया भवन आदि उन्हीं के प्रयासों का फल है। 15 जुलाई,1956 के उपचुनाव में जाटबहुल लूणकरणसर क्षेत्र से विधायक चुने गए। उनके सामने समाजवादी नेता माणकचन्द सुराणा प्रत्याशी थे। रामरतन कोचर ने स्वयं को केन्द्र नहीं मानकर कार्य और कार्यकर्ताओं को महत्व देते हुए चुनाव जीतने के समय ही आगे चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर दी। रामरतन कोचर ने जयपुर में गौड़ भवन सी-स्कीम को कांग्रेस कार्यालय ही नहीं वरन् राजनीतिक, सामाजिक एवं विकास की रचनात्मक गतिविधियों का केन्द्र बनाया।

गौड़ भवन को संभाग और राज्य के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आश्रय स्थल बनाया, जहाँ आवास एवं भोजन की व्यवस्था थी। उस भवन का किराया, बिजली-पानी, भोजनादि के लिए धन की व्यवस्था  कोचर स्वयं और समर्थ सज्जनों के सहयोग से करते थे। गौड़ भवन  कोचर की बहुविध राजनीतिक-सामाजिक गतिविधियों का संचालन केन्द्र रहा और वहीं से जनता, संगठन और सत्ता के मध्य प्रभावी भूमिका का निर्वहन किया | इसी भवन में दलित वर्ग संघ, “गणराज्य” और 'वल्लभ सन्देश' पत्रों तथा अनेकानेक संस्थाओं के कार्यालय रहे। 'जीओ और जीने दो', 'सबकी सेवा सबको प्यार' के ध्येय से प्रेरित सन् 1975 में महावीर इण्टरनेशनल सेवा संस्था के संस्थापकों में रामरतन कोचर एक महत्वपूर्ण स्तम्भ थे। भाईजी की जयपुर में गिरफ्तारी हुई। उन्हें संगीन अपराधी की तरह सड़कों पर घुमाया गया। जिस जयपुर - बीकानेर पर उनका लम्बे अर्से तक शासन रहा, वहाँ उन्हें अपमान सहना पड़ा। उसके बाद वे राजनीति से विरक्त हो गए और अध्यात्म की दुनिया में चले गए।सम्पादन एवं पत्रकारिता का भी कोचर को अच्छा अनुभव था। आचार्यश्री विजयवल्लभ सूरीश्वरजी महाराज की उदार एवं समन्वयवादी विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने 'वल्लभ-संदेश' नामक मासिक पत्र निकाला, जिसके माध्यम से उन्होंने वल्लभ गुरु के समन्वययुक्त उदार विचारों का जन-जन तक प्रसार एवं प्रचार किया।वे पहले शहीद थे स्वाधीन राजस्थान में अपनी किस्म की नायाब मिसाल, जिन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए कारावास भोगा। सत्य बोलने की नहीं, लिखने की कीमत चुकायी। आज तो आदमी की रामरतन कोचर जैसी नस्ल जैसे दुर्लभ हो कर रह गयी है। अब वैसे कद के लोग पैदा ही नहीं होते।

जनता का यह प्रिय नेता बीकानेर वासियों की स्मृति में सदैव छाया था, उसी स्मृति को चिरस्थायी बनाने की दृष्टि से बीकानेर के नागरिकों ने श्री रामरतन कोचर स्मारक समिति का गठन किया। इस समिति ने बीकानेर-जोधपुर मार्ग पर स्थित गंगाशहर के एक तिराहे पर रामरतन कोचर की मूर्ति लगाने का निर्णय लिया। कोचर के बीकानेर समाज को दिये अवदान को ध्यान में रखते हुए नगर विकास न्यास ने स्मारक समिति द्वारा चाही गयी जगह को आवंटित कर दिया। पंचधातु से निर्मित इस मूर्ति का अनावरण 24 फरवरी, 1986 को विश्वधर्म के प्रेरक आचार्यश्री सुशील मुनिजी के सान्निध्य में दामोदर आचार्य तत्कालीन राज्यमंत्री ऊर्जा, सिंचाई एवं अकाल सहायता के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ।प्रतिदिन प्रभु दर्शन और प्रतिमाह संक्रांति पर अपने धर्मगुरु के दर्शन और मंगलपाठ श्रवण उनके जीवन-व्रत थे। महाप्रयाण का समय निकट आने का मानो उन्हें पूर्वाभास हो गया था। 14 मार्च, 1982 को संक्रांति पर गुरु दर्शन कर जयपुर में कर्म-पूजा के मन्दिर गौड़ भवन में अन्तिम विश्राम हेतु पहुँचे। 15 मार्च, 1982 को अनन्त की यात्रा की ओर प्रयाण कर दिया। यद्यपि भौतिक देह से वे हमारे मध्य नहीं हैं, किन्तु आज भी वे अपने दृढ़-संकल्पों के साथ यशस्वी देह के रूप में विद्यमान है।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कार**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**ईश्वरस्य विधानेऽपि, दण्डेऽस्त्यनुग्रहः सदा ।**
**पश्चात्तापः स्तुतिश्चैव, दण्डं ह्रासयते ननु ॥८८॥**

ईश्वर के विधान में भी दण्ड देने में अनुग्रह सदा रहता है । मनुष्य का अपने कुकर्मों पर पश्चात्ताप और ईश्वर की सच्चे मन से स्तुति ये दोनों निश्चित रूप से दण्ड में कमी करवा देते हैं ।

There is always a provision of grace for the punishment in God's legislation. If one shows remorse and glorifies God with a pure mind, then the punishment is reduced.

**ईश्वरो नैव दूरेऽस्ति, सर्वत्र तस्य दर्शनम् ।**
**एवं मत्वा न कस्यापि, कार्या काऽपि क्षतिः क्वचित् ॥८९॥**

ईश्वर दूर नहीं है । उसका तो दर्शन सर्वत्र है, ऐसा मान कर किसी की भी कोई भी क्षति कहीं नहीं करनी चाहिये ।

God is not far away. By seeing God everywhere, one should not do any harm to anybody.

**उत्सवा धनिकानां हि, नित्यानन्दकरा मताः ।**
**महार्घतोपतप्तानां, निर्धनानां तथा न ते ॥९०॥**

उत्सव तो धनवानों को ही नित्य आनन्दकारी माने गये हैं । महँगाई से पीडित निर्धनों के लिये वे उत्सव उस प्रकार आनन्दकारी नहीं हैं ।

The rich people are always happy with the festivities/celebration. The poor people who suffer due to inflation are not as happy with them.

**उपभोक्ता स्वयं यावत्, संघटितो न जायते ।**
**तावन्न सर्वकारोऽपि, मूल्य–वृद्धिं रुणद्धि न ॥९१॥**

जब तक उपभोक्ता स्वयं संघटित नहीं होता है, तब तक सरकार भी मूल्यवृद्धि को नहीं रोक सकती ।

Till the consumers are not united, the government will not stop the price hike.

**उत्पद्यन्ते विलीयन्ते, विचारा विविधाः सदा ।**
**कार्ये परिणताश्चेन्न, को लाभोऽस्ति ततो वद ॥९२**

विविध विचार सदा ही उत्पन्न और विनष्ट होते रहते हैं । यदि उन विचारों को कार्यरूप में परिणत नहीं किया तो उनसे क्या लाभ है ?

Various thoughts/ideas are always created and destroyed. What are the benefits of them if they are not used?

**उपायं चिन्तयन् प्राज्ञो, ह्यपायमपि चिन्तयेत् ।**
**एवं यः कुरुते नैव, पश्चात्तपति भूरि सः ॥९३॥**

बुद्धिमान् व्यक्ति उपाय सोचता हुआ उससे होने वाली हानि का भी विचार कर ले । जो ऐसा नहीं करता, वह बाद में बहुत पछतावा करता है ।

An intelligent person while thinking about the plan/scheme also thinks about possible negative results. The one who doesn't do that later regrets a lot.

**उदात्तं चरितं येषां, गायन्ति कवयः स्वतः ।**
**गेयास्ते गायकास्ते च, जीवन्ति कीर्त्ति–कायतः ॥९४॥**

जिनके उदात्त चरित्र को स्वयं कवि अपने आप किसी दूसरे की प्रेरणा के बिना ही गाते हैं, वे गेय पुरुष और गायक पुरुष दोनों ही अपनी कीर्त्तिरूपी काया से सदा ही जीवित रहते हैं ।

When a poet praises somebody's noble character on his own, then both, the person and the poet get the immortal body of fame.


**उपास्यः सर्वधर्माणाम्, एक एवेश्वरो यदा ।**
**तदा तत्सेवका मूर्खा, युध्यन्ते किं मिथो वृथा ? ॥९५॥**


जब सभी धर्मों का उपासनीय ईश्वर एक ही है, तो उसके मूर्ख सेवक परस्पर व्यर्थ ही क्यों युद्ध करते हैं ?

When God is the same in every religion, then why are the stupid worshippers are unnecessarily leading a war?


ISSN : 2582-6360

# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ































प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org